भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †1054

सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

गुजरात में पर्यटन योजनाओं के लिए निधि

†1054. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमाः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा गुजरात राज्य, विशेष रूप से जूनागढ़ जिले, जहां विविध पर्यटन स्थलों और पारिस्थितिकी पर्यटन स्थलों की बहुतायत है, के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कितनी निधि आवंटित की गई है;

(ख) पर्यटन अवसंरचना में सुधार के लिए सतत और उत्तरदायी युक्त दृष्टिकोण को बढ़ावा देने हेतु राज्य में आरम्भ की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या पर्यटन विकास की प्रचुर संभावनाओं को देखते हुए उक्त राज्य के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अधिक निधि आवंटित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन' (प्रशाद) नामक योजनाओं के अंतर्गत गुजरात सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

स्वदेश दर्शन योजना में बौद्ध परिपथ थीम के तहत वर्ष 2017-18 में 26.68 करोड़ रुपये की लागत वाली 'जूनागढ़-गिरसोमनाथ-भरूच-कच्छ-भावनगर-राजकोट-मेहसाणा' का विकास नामक परियोजना को मंजूरी दी गई थी।

'पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना के तहत, भारत सरकार ने हाल ही में देश में 3295.76 करोड़ रुपये की लागत वाली 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इस योजना में स्थायी पर्यटन परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास और रोजगार के अवसर पैदा करने की परिकल्पना की गई है।

गुजरात राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता की मांग के लिए समय-समय पर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों को निर्धारित प्रावधानों के अनुपालन और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन परियोजनाओं का रूप दिया जाता है।

****

अनुबंध

श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा द्वारा गुजरात में पर्यटन योजनाओं के लिए निधि के संबंध में दिनांक 10.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †1054 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	परिपथ	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी/प्राधिकृत राशि
1	विरासत परिपथ	2016-17	अहमदाबाद-राजकोट-पोरबंदर-बारदोली-दांडी का विकास	59.17	56.21
2	विरासत परिपथ	2016-17	वडनगर-मोढेरा का विकास	91.12	87.25
3	बौद्ध परिपथ	2017-18	जूनागढ़-गिरसोमनाथ-भरूच-कच्छ- भावनगर-राजकोट-मेहसाणा का विकास	26.68	22.28

प्रशाद **(करोड़ रु. में)**

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत	जारी राशि
1	द्वारका का विकास	2016-17	10.46	10.46
2	सोमनाथ में तीर्थ सुविधाओं का विकास	2016-17	45.36	45.36
3	सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास	2018-19	47.12	47.12
4	अंबाजी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास	2022-23	50.00	10.54

पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)	स्वीकृति की तिथि
1	पोरबंदर में केर्ली (मोकारसागर) में इकोटूरिज्म डेस्टिनेशन	99.50	26-11-2024
2	धोरडो में टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर	51.56	26-11-2024

****